Regarding establishment of airport in Maldaha Parliamentary Constituency

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : मालदा पश्चिम बंगाल का महत्वपूर्ण शहर है जहाँ केन्द्र सरकार के कार्यालय रेलवे डिवीजन, बीएसएफ कैंप 2 केंद्र विद्यालय एनटीपीसी पावर ग्रिड के अलावा व्यापारिक गतिविधियाँ भी हैं । यहाँ के नागरिकों की सबसे बड़ी समस्या वायु यातायात की है । यहाँ से निकटतम हवाई अड्डे बागडोगरा और कोलकाता हैं । मालदा से बागडोगरा की दूरी 250 किमी तथा कोलकाता की दूरी 350 किमी है । देश में बहुत कम ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ किसी एक शहर से हवाई अड्डे इतनी दूरी पर हैं । इसके लिये इमरजेंसी सेवाओं मे चिकित्सा हेतु भी इसकी परम आवश्यकता है । अतः इन परिस्थितियों में मालदा मे हवाई परिवहन सेवा हेतु हवाई अड्डे का निर्माण आवश्यक है । इस हेतु मैं यह सुझाव देना चाहता हूँ कि पुराने हवाई अड्डे के नवीनीकरण से भी इस समस्या का समाधान हो सकता है । अतः पुनः मै मालदा को हवाई यातायात के नक्शे पर जोडने के लिये मै से माननीय मन्त्री जी से आग्रह करता हूँ ।